Inclusive Employment Australia

Finding careers for people with disability

समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया में भाग लेते समय आपके अधिकार

यदि आप समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, तो आपके पास अधिकार हैं और आपको हमसे और अपने प्रदाता से कुछ चीज़ों की आशा करनी चाहिए – आपके साथ निष्पक्ष व्यवहार, गोपनीयता, सुलभ जानकारी और जहाँ भी संभव हो वास्तविक विकल्प चुनने का अधिकार।

आपके अधिकारों के बारे में जानकारी Inclusive Employment Australia Participant Rights and Responsibilities Statement (www.dss.gov.au/inclusive-employment-australia/resource/inclusive-employment-australia-participant-rights-and-responsibilities-statement) में मिल सकती है।

जब आप अपने प्रदाता के साथ काम कर रहे होते हैं तो उस समय लागू होने वाले आपके अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी इस वक्तव्य (Statement) में दी गई है, इसमें बताया गया है कि हम प्रदाताओं के लिए क्या मानक निर्धारित करते हैं, और आप सहायता कैसे प्राप्त करें।

गुणवत्तायुक्त सेवाओं के लिए आपका अधिकार

आपको अच्छी गुणवत्ता वाली सेवाएँ प्राप्त करने का अधिकार है, और सामाजिक सेवा विभाग (Department of Social Services) ने ऐसे मानक बनाए हैं जिन्हें समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया प्रदाताओं को पूरा करना होगा।

सभी समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया प्रदाताओं को विकलांगता सेवाओं के लिए राष्ट्रीय मानकों (एनएसडीएस) (National Standards for Disability Services (NSDS) (www.health.gov.au/resources/collections/national-standards-for-disability-services-resources) को पूरा करना होगा।

ये मानक नियमों का एक समूह हैं जो बताते हैं कि आपके साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। वे यह सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं कि आपके साथ निष्पक्ष और समान रूप से व्यवहार किया जाए और आपको वे गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्राप्त हों जो आपके लिए सही हों।

एनएसडीएस (NSDS) में 6 मानक उल्लिखित हैं:

- अधिकार
- भाग लेना और समावेशन
- व्यक्तिगत परिणाम
- फ़ीडबैक और शिकायतें
- सेवा का उपयोग
- सेवा का प्रबंधन

आपकी निजता का अधिकार

आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी को निजी (private) रखने का अधिकार है, और आपके समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया सेवा प्रदाता को उस अधिकार का सम्मान करना चाहिए।

जब आप उनके साथ बातचीत शुरू करेंगे तो आपका प्रदाता आपसे कुछ व्यक्तिगत जानकारी माँगेगा। वे केवल वही जानकारी माँग सकते हैं जो उन्हें यह समझने के लिए आवश्यक है कि आपकी सर्वोत्तम सहायता कैसे की जाए।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी आपकी है और किसी को तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि जानकारी देना कानून के कारण आवश्यक न हो, या जब तक आप अपनी सहमति न दे दें।

आपके निजता के अधिकार के बारे में अधिक जानकारी Inclusive Employment Australia website (www.dss.gov.au/inclusive-employment-australia/inclusive-employment-australia-participant-privacy-and-consent) पर है।

अपना मन बदलने का आपका अधिकार

आप अपना मन बदल सकते हैं और किसी भी समय अपनी सहमति वापस ले सकते हैं ('नहीं' कहें) यदि आप नहीं चाहते कि आपका प्रदाता आपकी जानकारी किसी और को दे। यह कैसे करना है, इसके बारे में अपने प्रदाता से बात करें।

कृपया ध्यान रखें कि यदि आप व्यक्तिगत जानकारी नहीं देते हैं और अपनी सहमति रद्द करना चाहते हैं, तो यह उन सेवाओं को सीमित कर सकता है जो आपका प्रदाता आपको दे सकता है। यह आपकी पारस्परिक दायित्वों की आवश्यकताओं को भी प्रभावित कर सकता है। पारस्परिक दायित्वों की आवश्यकताओं के बारे में अधिक जानकारी Services Australia website (www.servicesaustralia.gov.au/mutual-obligation-requirements) पर है।

दुभाषिए की सहायता पाने के लिए आपका अधिकार

हमारे साथ अपनी भाषा में बात करने के लिए, आप अनुवाद और दुभाषिया सेवा (टिस नेशनल- TIS National) का उपयोग कर सकते हैं।

टिस नेशनल दिन के 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध है। 150 से अधिक भाषाओं के लिए दुभाषिए हैं। टिस नेशनल को **131 450** पर फ़ोन करें।

टिस नेशनल की दुभाषिया सेवा के बारे में अधिक जानकारी के लिए TIS National website (www.tisnational.gov.au) पर जाएँ।

यदि आप अपनी सेवा से ख़ुश नहीं हैं तो आपके अधिकार

यदि आपको लगता है कि आपको सही मदद नहीं मिल रही है, तो आपको पहले अपने प्रदाता से बात करनी चाहिए। आपका प्रदाता फ़ीडबैक का स्वागत करता है और किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए आपके साथ काम करना चाहता है।

यदि आप अपनी चिंताओं के बारे में अपने प्रदाता से बात नहीं कर सकते हैं, या आप शिकायत करना चाहते हैं, तो आप **1800 880 052** पर कॉल कर सकते हैं। यह एक स्वतंत्र समाधान सेवा है।

यदि आप चाहें, तो राष्ट्रीय विकलांगता वकालत कार्यक्रम (National Disability Advocacy Program) के माध्यम से किसी अधिकार-सहायक (एडवोकेट) की सहायता ले सकते हैं जो ऑस्ट्रेलियाई सरकार के स्वास्थ्य, विकलांगता और वृद्धावस्था विभाग द्वारा संचालित है। एक वकील कार्यक्रम के किसी भी चरण में आपकी सहायता कर सकता है।

आप Disability Advocacy Finder (www.askizzy.org.au/disability-advocacy-finder) पर जाकर अपने क्षेत्र में विकलांगता वाले व्यक्ति के हित का समर्थन करने वाली सेवा का पता लगा सकते हैं।

अधिक जानकारी

आपको अधिक जानकारी और संसाधन Inclusive Employment Australia website (www.dss.gov.au/inclusive-employment-australia) पर मिल सकते हैं, जिसमें भाग लेने वाले के अधिकार और ज़िम्मेदारियाँ तथ्य-पत्र भी शामिल है। आप राष्ट्रीय ग्राहक सेवा लाइन (National Customer Service Line) को **1800 805 260** पर भी कॉल कर सकते हैं।

- बोलें और सुनें (Speak and Listen) के उपयोगकर्ता पहले 1300 555 727 पर कॉल करें और फिर 1300 653 227 पर संपर्क करने के लिए कहें।
- यदि आप बहरे (d/Deaf) हैं, सुनने में कठिनाई है या बोलकर बातचीत करने में कठिनाइयाँ हैं, तो नेशनल कस्टमर सर्विस लाइन से संपर्क करने के लिए राष्ट्रीय रिले सर्विस का उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए, www.accesshub.gov.au पर जाएँ।
- यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो **131 450*** पर टिस नेशनल को कॉल करें और **1800 805 260** पर बात करवाने के लिए कहें।

*मोबाइल फ़ोन से '13' और '1800' नंबरों पर कॉल करने के लिए कॉल शुल्क लागू हो सकता है।

लैंडलाइन और मोबाइल सेवा प्रदाताओं की कॉल दरें अलग-अलग हो सकती हैं। कृपया अपने वर्तमान सेवा प्रदाता से इसकी जानकारी प्राप्त करें।